की आबादी समूचे देश की आबादी की 16.2 प्रतिशत है ।

(ख) उत्तर प्रदेश में चालू वर्ष के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया गया है :

गांवों में नए डाकघर	304
टेलीफोन एक्सचेंज	27
सार्वजनिक टेलीफोन घर	300

परिवार कल्याण कार्यक्रमों के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र

1445. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) परिवार कल्याण कार्यक्रमों के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में 1976–77 के दौरान कुल कितने प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र खोले गए और 1977–78 के लिए कितने केन्द्र खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ;

(ख) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का मार्गदर्शन करने हेतु इन केन्द्रों में ऐसी कोई विशेष सुविधायें दी गई हैं जिनसे लोगों को परिवार नियोजन उचित ढंग से अपनाने योग्य बनाया जा सके ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राइमरी हैल्थ सैन्टरों को खोलने के लिये कोई सहायता उपलब्ध नहीं है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राइमरी हैल्थ सैन्टरों में ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्रों को खोलने के लिये सहायता उपलब्ध की गई है । वर्ष 1976–77 के दौरान कोई ग्रामीण परिवार कल्याण केन्द्र नहीं खोला गया किन्तु 200 केन्द्रों को 1977–78 के दौरान खोलने की स्वीकृति दे दी गई थी ।

(ख) जी हां ।

(ग) इन केन्द्रों में लूप निवेशन स्वैच्छिक नसबंदी आपरेशन संबंधी सेवाएं उपलब्ध करने तथा प्रचलित गर्भनिरोधकों की सप्लाई करने के लिए निम्नलिखित चिकित्सा और परा-चिकित्सा कार्मिकों की व्यवस्था की गई है :—

1. चिकित्सा अधिकारी—1
2. विस्तार शिक्षक—1
3. स्वास्थ्य परिचारिका—1
4. सहायक नर्स मिडवाइफ—1
5. परिवार कल्याण स्वास्थ्य सहायक— 20,000 जनसंख्या के लिए एक
6. कम्प्यूटर—1

इन सेवाओं की व्यवस्था करने के अतिरिक्तहैं ये कर्मचारी प्रेरणा देने का कार्य करते ी तथा बाद में उन व्यक्तियों की देखभाल भ करते हैं जिन्होंने स्वेच्छा से नसबंदी कराई हो । जहां कहीं जन स्वास्थ्य रक्षक योजना आरम्भ की जा रही है वहां ये जन स्वास्थ्य रक्षक गांवों में परिवार कल्याण कार्यक्रम के लिये भी प्रेरणात्मक कार्य करेंगे ।

मेरठ जिले के हुमायूंपुर–अकबरपुर गढ़ी गांवों में डाकघर और सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र खोलना

1446. **श्री दयाराम शाक्य** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मेरठ जिले के मवाना तहसील में लगभग 20 हजार की आबादी वाले हुमायूंपुर-अकबरपुर गढ़ी गांवों में सार्वजनिक टेलीफोन और डाकघर नहीं हैं ; और